हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 16 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

14 पर्यावरणीय जनसुनवाई के खिलाफ ग्रामीणों ने किया ...



13 ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के तहत जिलेभर में शपथ ...





## खबर संक्षेप

### निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर बैठक आज

**बेमेतरा।** निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर जिले में संपादित किया जा रहा है। इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देशों की समीक्षा एवं कार्य प्रगति पर चर्चा हेतु दिनांक 16 दिसंबर 2025 को अपरान्ह 4 बजे जिला कार्यालय बेमेतरा के दृष्टि सभाकक्ष (भू-तल) में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है। बैठक के दौरान निर्वाचक सूची में अनुपस्थित, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के सत्यापन, लॉजिकल एरर में सुधार सहित अन्य संबंधित विषयों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही, बैठक के पश्चात ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण भी किया जाएगा। संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय पर उपस्थित होकर सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए गए हैं।

### जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक 17 को

**बेमेतरा।** जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन आगामी 17 दिसंबर किया जाएगा। यहूर्वान्ह 10:00 बजे जिला कार्यालय बेमेतरा स्थित दिशा सभाकक्ष में आयोजित होगी। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक के संदर्भ में अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे पूर्व बैठक 25 नवंबर 2024 में लिए गए निर्णयों तथा इस कार्यालय द्वारा जारी कार्यवाही ▶▶। शेष पेज 13 पर

## सुविधा

### दफ्तरों के चक्कर से मिलेगी मुक्ति, अब पंद्रह दिनों के भीतर ही हो जाएगा भूमि का डायवर्सन

# नामांतरण के बाद डायवर्सन भी होगा ऑटोमैटिक, पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बेमेतरा

प्रदेश सरकार ने नामांतरण के बाद अब डायवर्सन की प्रक्रिया में भी बड़ा बदलाव कर दिया है। नामांतरण की तरह ही अब डायवर्सन की भी पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी गई है। अब भूमि डायवर्सन की प्रक्रिया पंद्रह दिनों के भीतर नहीं कराने पर स्वतः 16वें दिन डायवर्सन हो जाएगा। सरकार इस कदम से लंबित मामलों में कमी और राजस्व महकमे में बड़े सुधार का दावा कर रही है।

■ पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन, 15 दिन में आदेश नहीं तो 16वें दिन स्वत: स्वीकृति

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने भूमि डायवर्सन प्रक्रिया को ऑनलाइन करने का बड़ा कदम उठाया है। अब भूमि स्वामियों को एसडीएम कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। भूमि स्वामी सरकारी पोर्टल पर आवेदन करके घर बैठे ही अपने जमीनों का डायवर्सन करा सकेंगे। राजस्व विभाग ने इस नई व्यवस्था की अधिसूचना शनिवार को राजपत्र में प्रकाशित कर दी है। प्रदेश सरकार का दावा है कि इससे डायवर्सन प्रक्रिया तेज, आसान और पारदर्शी होगी, लंबित मामलों में कमी आएगी और अघोषित लेन-देन पर नियंत्रण भी सुनिश्चित होगा। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में भूमि स्वामियों के लिए यह एक बड़ा राहत कदम माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले प्रदेश सरकार ने नामांतरण के मामले में भी राहत देने के लिए ऑनलाइन कर दिया था। अब सीधे रजिस्ट्री के साथ ही नामांतरण की प्रक्रिया हो जाती है।

### 15 दिनों में आदेश अनिवार्य

नाए नियमों के तहत नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत और ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि डायवर्सन के लिए सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुज्ञा को आवश्यकता नहीं होगी। आवेदन संबंधित जिले के एसडीएम तक ऑनलाइन पहुंचेगा और एसडीएम को 15 दिनों के भीतर आदेश जारी करना अनिवार्य होगा। यदि तय समय में आदेश नहीं दिया गया, तो 16वें दिन ऑटोमेटिक सिस्टम से आदेश स्वतः मान्य हो जाएगा।



### इलाके के अनुसार दरें भी तय

राज्य सरकार ने इस बदलाव के लिए छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता-व्यपवर्तित भूमि के लिए भू-राजस्व निर्धारण एवं पुनर्निर्धारण नियम 2025 का मसौदा जारी किया है। दावा-आपत्ति के लिए 15 दिनों का समय दिया गया है। सभी आपत्तियों के निपटारे के बाद नियमों को औपचारिक रूप से लागू किया जाएगा। सरकार ने नई प्रणाली में डायवर्सन के लिए प्रीमियम दरें भी तय कर दी है, जो 3 रुपए प्रति वर्गमीटर से 25 रुपए प्रति वर्गमीटर तक होगी। ये दरें अलग-अलग क्षेत्रों और उपयोग के आधार पर तय की गई है। जिनमें नगर निगम, पालिका, नगर पंचायत ग्रामीण क्षेत्र, आवासीय, कॉलोनी विकास, वाणिज्यिक और औद्योगिक प्रयोजन, संस्थागत एवं स्वास्थ्य सुविधाएं, विशेष आर्थिक क्षेत्र शामिल है।

**नामांतरण के बाद दूसरा बड़ा सुधार**
उल्लेखनीय है कि इससे पहले प्रदेश सरकार ने रजिस्ट्री के साथ ही नामांतरण की ऑनलाइन व्यवस्था लागू की थी। अब डायवर्सन को भी उसी कड़ी में जोड़ते हुए सरकार ने भूमि प्रशासन में डिजिटल क्रांति की दिशा में एक और बड़ा कदम बढ़ाया है।

# अहमद रजा की संदिग्ध मौत मां ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नांदघाट



मऊ निवासी सलमा परवीन नेअपने बेटेअहमद रजा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मृत्यु की जांच के लिए बेमेतरा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया है । और अपने बेटे की मृत्यु जिसे हादसा समझा गया है । उसके संबंध में तथ्यों को विस्तार पूर्वक रखते हुए जांच तथा दोशियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

■ परिजन जता रहे हैं हत्या के षडयंत्र की आशंका

प्राप्त जानकारी के अनुसार सलमा परवीन अपने मायके बलौदा बाजार गई थी । खाली घर में अहमद रजा ने अपने दोस्तों के साथ खाना पीना किया । इस दौरान उनमें कुछ बात ऐसी हुई । की अहमद रजा को अपने ही घर में अपनी ही जान की फिक्र होने लगी ।और बाथरूम जाकर उसने अपनी बिलासपुर में रहने वाली बुआ दिलशाद बेगम फोन लगाकर अपनी जान को खतरा बताते हुए अपने साथ खा पी रहे जीवन साहू चित्र रंजन साहू रोहित निषाद और उनके दो साथियों के नाम बताते हुए अपनी हत्या की प्लानिंग की बात सुनने बताया । और घर से बिना ताला लगाए ऐसे ही .भाग कर मोटरसाइकिल से बिलासपुर आने की बात अपनी बुआ से की ।

अहमद रजा की यह आखिरी कॉल उसके फूफी के मोबाइल में रिकॉर्ड भी हुआ है। ठीक वैसे ही अहमद ▶▶। शेष पेज 13 पर

# फर्जी यूपीआई स्क्रीनशॉट से आईफोन उड़ाया, बाइक से फरार हुए ठग

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बेमेतरा

डिजिटल भुगतान के नाम पर दिनदहाड़े ठगी का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। बेमेतरा के नया बस स्टैंड स्थित शुभम मोबाइल दुकान से फर्जी फोन पे भुगतान का स्क्रीनशॉट दिखाकर आईफोन 16 लेकर फरार हुए दो शातिर युवकों को सिटी कोतवाली बेमेतरा पुलिस एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से मोबाइल व मोटरसाइकिल सहित करीब 2 लाख 72 हजार 535 रुपये की संपत्ति जब्त की गई है।

■ मोबाइल शॉप में दिनदहाड़े ठगी, दो शातिर युवक गिरफ्तार, 2.72 लाख की जब्ती



पुलिस के अनुसार 14 सितंबर को आरोपी ग्राहक बनकर शुभम मोबाइल दुकान पहुंचे और आईफोन 16 खरीदने का सौदा तय किया। आरोपी ने फोन पे से 70 हजार रुपये ट्रांसफर करने की बात कहते हुए भुगतान का स्क्रीनशॉट दिखाया और दुकानदार को झांसा देकर मोबाइल लेकर मौके से फरार हो गया। बाद में जांच में सामने आया कि दुकानदार के खाते में कोई राशि जमा नहीं हुई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों आफरीदी खान और ओमप्रकाश ▶▶। शेष पेज 13 पर

# नशे के मामले में फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बेमेतरा

थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा पुलिस ने विशेष अभियान के तहत एक फरार स्थायी वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार स्थायी वारंटियों की धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत 15 दिसंबर थाना सिटी कोतवाली पुलिस टीम ने न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आधार पर अपराध क्रमांक 176/2023, धारा 20(ख) नारकोटिक एक्ट के तहत फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया।



गिरफ्तार आरोपी की पहचान सागर बाघ पिता इंदरसन बाघ (22 वर्ष), निवासी भाठापारा बोरसी, थाना भिलाई, जिला दुर्ग के रूप में हुई है। आरोपी लंबे समय से न्यायालयीन कार्यवाही से फरार था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर स्थायी वारंट की तामील कराई। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक मयंक मिश्रा के नेतृत्व में आरक्षक संजय पाटिल, खुशाल बोरकर, मुकेश माहिरे, संतोष धीवर सहित थाना बेमेतरा के समस्त पुलिस स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि फरार आरोपियों के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
**सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम**

**रायपुर संस्करण -** 812. कु. रुचिका शर्मा पिता\पति निरिश कुमार शर्मा पता- मेकाहारा रायपुर, 813. दीपक बावने पिता\पति श्याम बावने पता- प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर, 814. पल्लवी सिन्हा पिता\पति योगेश सिन्हा पता- कुशालपुर रायपुर, 815. कौशल्या तिवारी पिता\पति स्व.श्री रामेश्वर प्रसाद तिवारी पता- आमापारा रायपुर, 816. सरिता पाल पिता\पति बिरबल पाल पता- संतोषी नगर रायपुर, 817. आरव रात्रे पिता\पति रामेश्वर रात्रे पता- सड्डू रायपुर, 818. ब्यास नारायण वर्मा पिता\पति स्व.राम लाल वर्मा पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 819. अराफत खान पिता\पति अफसर खान पता- देवी सरस्वती नर्सिंग होम बीएसयूपी सद्दू कॉलोनी, 820. अनामिका देवांगन पिता\पति पोषण कुमार देवांगन पता- संतोषी नगर प्रगति विहार कॉलोनी टिकरापारा, 821. राजेश कुमार यादव पिता\पति स्व. श्याम कुमार यादव पता- मठपारा गणेश चौक रायपुर, 822. मनोरमा तारक पिता\पति ग्वाल तारक पता- तर्रा सुरसाबांधा, 823. परमेश्वर साहू पिता\पति गया राम साहू पता- रांकाडीह, 824. संगीता नागदेव पिता\पति प्रीतम दास पता- नयापारा वार्ड न.32 बजरंग चौक धमतरी, 825. रमेश कुमार दासरवार पिता\पति शंकर स्वामी दासरवार पता- श्री नगर राधा स्वामी सत्संग रुद्री, 826. कांति साहू पिता\पति मान दास साहू पता- लक्ष्मी नगर, 827. अशोक राजपूत पिता\पति ताराचंद राजपूत पता- डोंगरगांव, 828. दिग्विजय कुमार नेताम पिता\पति शिव लाल नेताम पता- ग्राम काफामार पोस्ट गेंदाटोला तह. छुरिया, 829. वर्षाजली श्रीवास्तव पिता\पति देवेन्द्र श्रीवास्तव पता- जगदलपुर, 830. चन्द्रप्रभा कनौजे पिता\पति सीता राम कनौजे पता- महासमुंद, 831. विजय कुमार देवांगन पिता\पति खोरबाहरा देवांगन पता- सिचाई कॉलोनी कवर्धा, 832. लक्ष्मी चन्द्र पिता\पति स्व.छत्रपाल चंद्रा पता-LIG-11 H.B कॉलोनी जोराताल, 833. विनोद कुमार वर्मा पिता\पति केदार नाथ वर्मा पता- प्रगति विहार पंचशील नगर बलौदाबाजार, 834. वंशिका साहू पिता\पति डिशेन कुमार साहू पता- ग्राम भैसा जिला रायपुर, 835. सुषमा साहू पिता\पति विनोद कुमार साहू पता- रिसदा, 836. शैलेन्द्र यादव पिता\पति भोला राम यादव पता- एस.पी.अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 837. युवराज कुमार देवांगन पिता\पति ह्रदय लाल देवांगन पता- प्लाट न.- 65 श्याम नगर अटल आवास के पास भिलाई, 838. मेधांश पिता\पति अनिल गंगभोज पता- वार्ड न.-01 बनगांव पंचायत समिति, 839. दामिनी साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- CONTRACTORE कॉलोनी सुपेला भिलाई, 840. अश्वनी एवस जोगे पिता\पति श्याम राव जोगे पता- 608 वार्ड 6 सिधिया नगर दुर्ग, 841. रेणुका देवांगन पिता\पति दुलेश देवांगन पता- निकुम भिलाई दुर्ग, 842. सुषमा कुर्वे पिता\पति रमेश कुर्वे पता- S.I.F कॉलोनी L.I.G 35 बघेरा दुर्ग, 843. नारायण प्रसाद देशमुख पिता\पति एमन कुमार देशमुख पता- बमलेश्वरी कॉलोनी बोरसी, 844. शकुन पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 845. श्रवण कुमार अन्सारे पिता\पति चंद्रभान पता- 77 रामनगर सुपेला भिलाई, 846. शुभांगी देवांगन पिता\पति सतीश देवांगन पता- सड़क न.- 01 कसारीडीह दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण-** 847. तुरवी चौहान पिता/पति धनेश्वर लाल चौहान पता- कोरबा, 848. भव्या साहू पिता/पति बुधेशवर साहू पता- रायपुरा जंजगीर बालको, 849. उमेश तंबोली पिता/पति इंद्रा मार्केट पोड़िमार बालको, 850. काव्या कंवर पिता/पति सुशील कुमार पता- बालको, 851. लेविना साहू पिता/पति युगल किशोर साहू पता- धरदाई, 852. कल्पना गयाकवारड़ पिता/पति अमृत मोंडे पता- कोरबा, 853. पुष्पा यादव पिता/पति डोरी लाल यादव पता- मदरपारा, 854. कृतार्थ यादव पिता/पति दिलीप यादव पता- कोरबा, 855. चाहत दास पिता/पति निर्मल दास पता- बालको नगर, 856. ज्योति बरेठ पिता/पति यादव मोहला करिती पता- बालको, 857. आध्या श्रीवास पिता/पति नागेंद्र श्रीवास पता- निहारिका एल.ई.जी.-142, 858. विकास साहू पिता/पति फिरत राम साहू पता- संजय नगर गुप्ता गली कोरबा, 859. वीरेंद्र कुमार कुर्रे पिता/पति श्याम लाल कुर्रे पता- धमना मुड़ी, 860. गौतम पांडे पिता/पति चंद्रशेखर पांडे पता- दरदारखुर्द कोरबा, 861. राजेन्द्र कुमार सूर्यवंशी पिता/पति गुहारम सूर्यवंशी पता- परसाभाठा बालको, 862. योगेश बारीक पिता/पति भिखारी चरण बारीख पता- शारदा विहार कोरबा, 863. किशन कुमार गायकवार्ड पिता/पति देवगिरी गायकवार्ड पता- केदु विहार कोरबा, 864. दीक्षांत सिंह भारद्वाज पिता/पति रवींद्र कुमार भारद्वाज पता- होउसिंग बोर्ड बालको, 865. अंशु तिर्की पिता/पति भजन राम तिर्की पता- वार्ड- 40 नेहरू नगर बालको, 866. केशव प्रसाद यादव पिता/पति नन्द लाल यादव पता- गेवरा घाट कोरबा, 867. सोनम जैसवाल पिता/पति मनोज जैसवाल पता- नेहरू नगर बालको, 868. भगवान सिंह पिता/पति रामनरेश सिंह पता- रिंग रोड बालको, 869. मनोज कुमार श्रीवास पिता/पति जगदीश प्रसाद पता- लक्ष्मण बन तालाब नई बस्ती, **भोपाल संस्करण-** 870. मान्या प्रजापति पिता\पति रंजीत प्रजापति पता- जगदीशपुर इस्लामनगर, 871. कनक मीणा पिता\पति राजेन्द्र सिंह मीणा पता- 45 जय नगर कॉलोनी, 872. युवांश बैरागी पता- राम मंदिर के पास करोद भोपाल, 873. रवि साहु पिता\पति मदनलाल साहु पता- मकान नं 53 कपिला नगर करोद, 874. वेदांश यादव पिता\पति सुरेन्द्र सिंह यादव पता- मकान नं.116 फेस-2 पारस नगर करोद, 875. राम सिंह राजपूत पिता\पति- रामसिंह राजपूतबने सिंह राजपूत पता- नजीराबाद भोपाल, 876. पूजा पिता\पति सत्यदेव द्विवेदी पता- करोद भोपाल, 877. मानशी पिता\पति शंकादीन बढ़ई पता- एच.न 121 जनता नगर फेस-3 करोद, 878. दक्ष विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप कुमार विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण-** 879. अर्चिता पांडेय पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- वार्ड नंबर 4 निगवानी रोड कोतमा, 880. महिमा शर्मा पिता\पति मुकेश शर्मा पता- मेंन रोड कोतमा, 881. हर्ष कुमार नामदेव पिता\पति अखिलेश नामदेव पता- विकास नगर वार्ड नंबर 10 कोतमा, 882. अनुराग चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मझौली वार्ड नंबर 16 पंडित मोहल्ला कोतमा, 883. प्राजली चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मेंन रोड कोतमा, 884. अक्षय गौतम पिता\पति जितेंद्र कुमार गौतम पता- विकास नगर वार्ड क्रमांक 9 कोतमा, 885. अनुमति नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पाटन, 886. रिद्धि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- शिवनगर वार्ड नंबर 90 गढ़ा जबलपुर, 887. अरुण कुमार दुबे पिता\पति स्व बैजनाथ पता- दुबे 362 दुर्गा कॉलोनी घमापुर, 888. अर्पित जैन पिता\पति ऋषभ कुमार जैन पता- जगमोहन दास वार्ड कटनी।

नियम एवं शर्ते लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि



# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH


प्रतिक्षा कक्ष


प्रतिक्षा कक्ष


पूजा स्थान




परामर्श कक्ष






## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

### पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

**ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-**

*व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,*
*शादी के लिए माता-पिता को मनाना*

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है



- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

*असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें*

**हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।**

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

## पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

## खबर संक्षेप

### असामाजिक तत्वों व वाहन चालकों पर कार्रवाई

**भिलाई।** जिले में सड़क सुरक्षा और कानून व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से दुर्ग पुलिस द्वारा ऑपरेशन सुरक्षा और ऑपरेशन विश्वास के तहत विशेष अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई 14 दिसंबर को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। ऑपरेशन सुरक्षा के तहत सड़क किनारे अवैध और असुरक्षित तरीके से वाहन खड़े करने वालों पर सख्त कार्रवाई की गई। लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए दुर्ग जिले के सभी थानों को अपने-अपने क्षेत्र में अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे। इसके तहत 11 वाहन स्वामियों के विरुद्ध धारा 285 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वाहन जब्त किए गए। यह कार्रवाई थाना पुलगांव में 7 प्रकरण, थाना जामुल, खुर्सीपार, पुरानी भिलाई और चौकी अंजोरा में 1-1 प्रकरण के रूप में दर्ज की गई है। वहीं ऑपरेशन विश्वास के तहत आम स्थानों पर शराब सेवन करने, अड्डेबाजी करने और असामाजिक गतिविधियों में शामिल लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इस अभियान में आबकारी एक्ट के तहत कुल 27 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। इसी क्रम में दुर्ग जिले के सभी थाना और चौकी क्षेत्रों में 20 स्थायी वारंट और 65 गिरफ्तारी वारंट की तामील कर कुल 85 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### युवक पर चाकू से हमला, हालत गंभीर

**भिलाई।** छावनी थाना क्षेत्र के सतनाम नगर में अज्ञात युवकों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए, जहां उसका उपचार जारी है। घायल युवक के परिजनों ने पूरे मामले की शिकायत छावनी थाना में दर्ज कराई है। शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस टीम आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस ने अब तक कई लोगों से पूछताछ की है। लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी है।

### स्कूटी में गांजा सप्लाई, गिरफ्तार

**भिलाई।** नशेड़ियों को गांजा उपलब्ध कराने वाला रायपुर कबीरनगर निवासी आरोपी बंटी शाहा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक लाख रुपए के गांजा सहित 2.36 लाख रुपए का सामान पद्मनाभपुर थाना पुलिस ने जब्त की है। जानकारी के अनुसार विगत 10 दिसंबर को रायपुरनाका दुर्ग ओवर ब्रिज के पास दो आरोपी सुमन पाण्डेय और मुकेश मिश्रा निवासी तितुरडीह दुर्ग को पुलिस ने गांजा बेचते पकड़ा था। मौके पर आरोपियों के कब्जे से गांजा 2.362 ग्राम कीमती 118000 रुपए और गांजा बिक्री रकम 2070 रुपए जब्त की गई थी। पूछताछ में आरोपियों ने बताया था कि बंटी शाहा पिता निहार रंजन शाहा, निवासी कबीरनगर रायपुर द्वारा पिछले एक साल से गांजा उपलब्ध कराया जा रहा था। इस बीच पुलिस को सूचना मिला कि आरोपी बंटी शाहा रायपुरनाका रेल्वे फाटक के पास ग्राहकों को गांजा सप्लाई करने आने वाला है। घेराबंदी कर आरोपी बंटी शाहा को पकड़ा गया। इसके कब्जे से काला रंग के एक्टीवा क्रमांक सीजी 04 एनएम 5482 की डिक्की में एक सफेद रंग के झिल्ली में 2 किलो गांजा कीमती 1 लाख रुपए बरामद हुआ।

## प्रतिक्रिया : आतिशबाजी, मिठाइयों और नारों के साथ मनाया गया उत्सव

# नितिन नबीन के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

- नवागढ़ से उठी खुशी की लहर, संगठन को मिली नई ऊर्जा
- नवागढ़ विधानसभा में जश्न का माहौल

भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी एवं बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन के भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच जबरदस्त उत्साह और उल्लास देखने को मिला। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर खुशी जाहिर की, मिठाइयाँ बांटी गईं और संगठन की एकजुटता के नारे गूंजते रहे।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि नितिन नबीन एक ऐसे नेता हैं, जिन्होंने संगठन में कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते हुए निरंतर परिश्रम, अनुशासन और समर्पण से अपनी अलग पहचान बनाई है। उनके कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से न केवल भाजपा संगठन को मजबूती मिलेगी, बल्कि नवागढ़ विधानसभा सहित पूरे छत्तीसगढ़ में संगठनात्मक गतिविधियाँ और तेज होंगी।







### नेतृत्व से संगठन को नई दिशा - विकास धर दीवान

पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा विकास धर दीवान ने कहा कि नितिन नबीन जमीनी स्तर से निकले नेता हैं। उनका नेतृत्व कार्यकर्ताओं को प्रेरणा देता है। उनके इस दायित्व से पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर नई दिशा और नई ऊर्जा प्राप्त होगी।

### जनकल्याण की राजनीति को मिलेगा विस्तार - मधु रॉय

जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय ने कहा कि नितिन नबीन के नेतृत्व में भाजपा ने लगातार ऐतिहासिक चुनावी सफलताएँ हासिल की हैं। उनके अनुभव से महिला सशक्तिकरण, किसान हित और युवाओं से जुड़े मुद्दों को और मजबूती मिलेगी।

### कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत - चंद्रपाल साहू

पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रपाल साहू ने कहा कि नितिन नबीन का संगठनात्मक अनुभव प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनके नेतृत्व में भाजपा पंचायत से लेकर संसद तक मजबूत हुई है।

### कार्यकर्ता-आधारित संगठन की पहचान - नरेंद्र शर्मा

पूर्व मंडी अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा ने कहा कि नितिन नबीन ने हमेशा संगठन में कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी है। यही कारण है कि भाजपा को लगातार जनसमर्थन मिलता रहा है।

### छत्तीसगढ़ और नवागढ़ के लिए गौरव - गिरेंद्र महिलांग

पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गिरेंद्र महिलांग ने कहा किनितिन नबीन का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना छत्तीसगढ़ और विशेष रूप से नवागढ़ विधानसभा के लिए गर्व का विषय है। उनके नेतृत्व में संगठनात्मक अनुशासन और विकास को नई गति मिलेगी।

### परिश्रम का परिणाम है यह उपलब्धि - छन्नू गुप्ता

पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा छन्नू गुप्ता ने कहा कि श्री नितिन नबीन के कठोर परिश्रम और दूरदर्शिता का ही परिणाम है कि भाजपा आज देश की सबसे मजबूत राजनीतिक शक्ति बन चुकी है।

### जमीनी कार्यकर्ताओं का बढ़ा मनोबल -मिंटू बिसेन

पूर्व मंडल महामंत्री मिंटू बिसेन ने कहा कि नितिन नबीन का नेतृत्व कार्यकर्ता-केंद्रित है। उन्होंने संगठन के हर स्तर पर कार्यकर्ताओं को सम्मान दिया है, जिससे जमीनी स्तर पर पार्टी और मजबूत हुई है।

### सामाजिक समरसता को मिलेगी मजबूती - गुरमुख भार्गव

एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष गुरमुख भार्गव ने कहा कि नितिन नबीन सामाजिक समरसता और अंत्योदय के विचार को धरातल पर उतारने वाले नेता हैं। उनके नेतृत्व में समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचा है।

### युवा शक्ति को मिलेगी नई दिशा - सुरेश निषाद

भाजयुमो मंडल अध्यक्ष सुरेश निषाद ने कहा कि नितिन नबीन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके नेतृत्व में युवाओं को संगठन से जोड़ने और नेतृत्व के अवसर देने का कार्य तेजी से हुआ है।

# प्रदेश सचिव मनोज पुरबिया ने दिया इस्तीफा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

- उपेक्षा और भेदभाव से आहत होकर लिया निर्णय
- पद छोड़ा, समाजसेवा जारी रखने का संकल्प

शिक्षा विकास समिति छत्तीसगढ़ के प्रदेश सचिव मनोज पुरबिया ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है। नवागढ़ राज निवास 'सोनकर' निवासी मनोज पुरबिया विगत लगभग एक दशक से आम सदस्य से लेकर सचिव पद तक रहते हुए छत्तीसगढ़ सोनकर समाज की सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उन्होंने समाज के लिए शिक्षा, सामाजिक जागृति, युवा एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में निरंतर कार्य किया। ग्रामीण अंचलों में सामाजिक प्रतिभाओं को पहचान दिलाने, सम्मानित करने और समाज की संस्कृति व सभ्यता को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से भी वे सक्रिय रहे। मनोज पुरबिया ने बताया कि लगातार सक्रिय योगदान के बावजूद उच्च नेतृत्व द्वारा उन्हें उपेक्षित किया जा रहा था। पिछड़े क्षेत्र से होने और नवागढ़ क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने के कारण उनके साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार किया गया तथा उनके सकारात्मक सुझावों को नजरअंदाज किया गया। इसी से आहत होकर उन्होंने भारी मन से प्रदेश सचिव पद से इस्तीफा देने का निर्णय लिया। उन्होंने अपना त्यागपत्र छत्तीसगढ़ सोनकर समाज के केंद्रीय कार्यालय में कार्यालय मंत्री को सौंपा। इस दौरान उन्होंने कहा कि पद केवल एक दायित्व है, समाज सेवा उससे कहीं बड़ा कार्य है। पद से हटने के बाद भी वे छत्तीसगढ़ सोनकर समाज के विकास और सामाजिक गतिविधियों में सहयोग करते रहेंगे।

# ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के तहत जिलेभर में शपथ ग्रहण कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- क्रेडा के नेतृत्व में शासकीय कार्यालयों व स्कूलों में जागरूकता अभियान

छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष 2025 के अंतर्गत राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर क्रेडा (छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण) द्वारा जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों एवं स्कूलों में ऊर्जा संरक्षण शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह अभियान 14 से 20 दिसंबर तक ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है।

ऊर्जा संरक्षण दिवस प्रतिवर्ष 14 दिसंबर को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य आमजन को ऊर्जा के महत्व, बचत और दक्ष उपयोग के प्रति जागरूक करना है। यह कार्यक्रम भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अधीन ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा संचालित किया जाता है, जबकि राज्य स्तर पर क्रेडा नोडल एजेंसी के रूप में कार्य कर रही है। राज्य शासन के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में 15 दिसंबर जिला मुख्यालय सहित जिले के विकासखंड स्तरीय कार्यालयों और सभी शासकीय व अशासकीय स्कूलों में ऊर्जा संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही ऊर्जा बचत को लेकर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। क्रेडा के जिला प्रभारी आकाश शर्मा ने बताया कि ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के दौरान सेमिनार, कार्यशालाएं एवं जन-जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जिनमें ऊर्जा बचत के उपायों पर विस्तार से चर्चा की जाती है।

उन्होंने कहा कि ऊर्जा संरक्षण का तात्पर्य गैर-नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों—जैसे कोयला और पेट्रोलियम—का विवेकपूर्ण उपयोग कर भविष्य की पीढ़ियों के लिए संसाधनों को सुरक्षित रखना है।

# उधार की रकम नहीं दी, युवक पर प्राणघातक हमला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



उधार के पैसे वापस नहीं करने पर एक युवक ने दूसरे के ऊपर पत्थर से जानलेवा हमला कर दिया। घटना के बाद घायल युवक नीलकमल को गंभीर हालत में जिला अस्पताल दुर्ग ले जाया गया। वहां उसका इलाज जारी है। इधर छावनी पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी शिवा को गिरफ्तार कर लिया है। छावनी थाना प्रभारी के अनुसार 13 दिसंबर शनिवार शाम करीब 6 बजे सतनाम नगर कुंआ के पास नीलकमल जांगड़े उर्फ नीलू और शिवा दोनों बैठकर शराब पी रहे थे। शिवा ने नीलकमल को दिए गए उधार की रकम 15000 रुपए वापस करने के लिए कहा। इस पर नीलकमल ने कहा कि अभी 3500 रुपये है जिसमें से 2000 रुपए दूंगा, बाकी पैसा धीरे-धीरे वापस करूंगा। इससे शिवा गुस्से में आ गया और नीलकमल के साथ मारपीट करने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि रात्रि लगभग 8.30 बजे शिवा ने सड़क के किनारे पड़े कांक्रीट के बड़े पत्थर का बड़ा टुकड़ा उठाकर नीलकमल के सिर पर हमला कर दिया। इससे नीलकमल लहूलुहान होकर वहीं पर गिर गया। आसपास के लोगों ने उसे इलाज के लिए स्पर्श अस्पताल सुपेला पहुंचाया। वहां डाक्टरों ने उसे जिला अस्पताल दुर्ग रेफर कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि घायल युवक नीलकमल की स्थिति नाजुक है।

# दसवीं की छात्रा ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

## कारण जानने के लिए पुलिस कर रही पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग


दुर्ग जिले में कक्षा दसवीं की एक छात्रा ने फंदे पर झूलकर अपनी जान दे दी। छात्रा की पहचान दिशा माथनकर (15 साल) निवासी जयंती नगर दुर्ग के रूप में हुई है। वह दुर्ग पब्लिक स्कूल में पढ़ती थी। मोहन नगर पुलिस मामले की जांच कर रही है। उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मोहन नगर पुलिस के मुताबिक घटना शनिवार 13 दिसंबर दोपहर की है। दिशा अपने परिवार के साथ सिकोला बस्ती के आगे जयंती नगर स्थित घर में रहती थी। उसके परिवार में चार लोग हैं। दिशा बच्चों में सबसे बड़ी थी। उसकी मां सिलाई का काम करती है।



दोपहर दो बजे अचानक उसके घर से रोने की आवाज आई तो पड़ोसी वहां पहुंचे। परिजन उसे तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि सुसाइड का कारण पता नहीं चल पाया है। पीएम रिपोर्ट व परिजनों से पूछताछ के बाद ही सही कारण पता चल पाएगा।

### पढ़ाई में होनहार थी दिशा

पड़ोसियों ने बताया कि दिशा पढ़ाई में होनहार थी और सामान्य स्वभाव की थी। हाल के दिनों में किसी तरह के तनाव या विवाद की जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि पुलिस परिजनों, पड़ोसियों और स्कूल से जुड़े लोगों से पूछताछ कर रही है, ताकि आत्महत्या के पीछे के कारणों का पता लगाया जा सके।




## पेज 11 के शेष

### अहमद रजा की ...

रजा अपनी पल्सर बाइक से नारायणपुर के पास मीत ढाबे में जाकर हड़बड़ी में अपने डिस्चार्ज फोन को 15 मि लगभग में चार्ज कर आगे निकल जाता है। और कुछ ही दूरी पर है और डिवाइडर के दूसरी ओर उसकी गाड़ी गिरे व वह गंभीर अवस्था में लहुलुहान अचेत हालत में मिलता है। जहां से उसे सिम्स ले जाया जाना तथा वहीं उसकी मृत्यु होना बताया गया।

बिलासपुर पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर पीएम के बाद परिजनों को शव दे दिया। जहां परिजनों ने भी संघातक चोटों पर संदेह व्यक्त करते हुए षडयंत्र का आरोप लगाया है। वहीं नांदघाट पुलिस द्वारा बिलासपुर से मर्ग डायरी पी एम रिपोर्ट मिलने के बाद प्रक्रियानुसार कार्यवाही की बात कही जा रही है।

### फर्जी यूपीआई स्क्रीनशॉट ...

साहू को चिन्हित कर गिरफ्तार किया। **पूछताछ में आरोपियों ने कबूला गुनाहः** पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपियों ने ठगी से प्राप्त आईफोन को रायपुर की दुकान में बदलकर दूसरा मोबाइल ले लिया था। गिरफ्तार आरोपियों में आफरीदी खान, पिता अमजद खान, उम्र 20 वर्ष, निवासी धौराभाठा, थाना धमधा, जिला दुर्ग, वर्तमान पता गोविंद नगर, राजा तालाब के पास, थाना सिविल लाइन, रायपुर तथा ओमप्रकाश साहू, पिता संतोष साहू, उम्र 20 वर्ष, निवासी धौराभाठा, थाना धमधा, जिला दुर्ग शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि ठगी से प्राप्त आईफोन 16 को रायपुर की एक मोबाइल दुकान में बदलकर आईफोन 14 ले लिया गया था। **मोटरसाइकिल किया जब्तः** पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से आईफोन 16, आईफोन 14 तथा घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी-04-एलवाय-4810 जब्त की है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस ने व्यापारियों को सतर्क करते हुए कहा है कि डिजिटल भुगतान के दौरान केवल स्क्रीनशॉट पर भरोसा न करें, बल्कि अपने बैंक या UPI ऐप में ट्रांजैक्शन की पुष्टि अवश्य करें।

### जिला स्तरीय संयुक्त ...

विवरण 31 दिसंबर 2024 के अनुपालन संबंधी प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। साथ ही संबंधित सभी अधिकारियों एवं सदस्यों से अपेक्षा की गई है कि वे निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें, ताकि समिति की कार्यवाही सुचारु रूप से संपन्न की जा सके।

## खबर संक्षेप

### बारगांव में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह 18 से

**बेमेतरा/बेरला।** ग्राम बारगांव में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 18 दिसंबर से 27 दिसंबर तक किया जा रहा है। कथावाचक खमतराई वाले आचार्य पंडित खिलेंद्र दुबे हैं। प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 7 बजे तक कथा का समय है। साथ ही रात 8 से रात 10 बजे तक भजन संगीत भी होगा। इस धार्मिक आयोजन का शुभारंभ 18 दिसंबर को कथा स्थल से शाम 4 बजात्रा के साथ शुरू होगी तत्पश्चात कथा प्रारम्भ, गोकर्ण उपाख्यान की कथा होगी। वहीं 19 दिसंबर को वराहावतार, 20 दिसंबर को शिव-सती विवाह चरित्र, ध्रुव चरित्र,की कथा होगा। 21 दिसंबर को भरत चरित्र, वामनावतार व 22 दिसंबर को गजेंद्र मोक्ष, रामअवतार कृष्ण जन्म, 23 दिसंबर को नंद महोत्सव, बाललीला, गोवर्धन लीला, 24 दिसंबर को श्रीकृष्ण-रूखमणी विवाह होगी। वहीं 25 दिसंबर को सुदामा चरित्र, 26 दिसंबर को गीता सहसधारा, तुलसी वर्षा व हवन पूर्णाहुति होगी। आयोजन की तैयारी में अमित सोनी, पवन सोनी, ताकेश्वर, मुरलीप्रसाद, रमेश, सतीश, मनोज, कुलदीप, देवेंद्र, विजय, अजय, भुनेश्वर, टाकेश्वर, सोनू, लक्की, कान्हा सहित गांव के पदाधिकारी जुटे हुए हैं।

### गुरु घासीदास जयंती पर 18 को जिला बेमेतरा में शुष्क दिवस घोषित

**बेमेतरा।** कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशानुसार शासन की आबकारी नीति के अंतर्गत व्यवस्थमों एवं शासन निर्देश के बिंदु क्रमांक 22 (22.1) के अनुसार गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर दिनांक 18 दिसंबर 2025 (गुरुवार) को जिला बेमेतरा में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। शुष्क दिवस के अवसर पर जिले में संचालित समस्त देशी मदिरा दुकानें सी.एस.-2 (घघ), समस्त विदेशी/प्रीमियम मदिरा दुकानें एफ.एल.-1 (घघ), समस्त देशी/विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकानें सी.एस.-2 (घघ-कम्पोजिट) एवं एफ.एल.-1 (घघ-कम्पोजिट) तथा समस्त मदिरा दुकानों से संलग्न अहाते सी.एस.-2 (ग-अहाता), सी.एस.-2 (ग-कम्पोजिट अहाता) एवं एफ.एल.-1 (ख-अहाता) को 18 दिसंबर 2025 को पूर्णतः बंद रखा जाएगा। उक्त अवधि में मदिरा का क्रय-विक्रय एवं संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागों एवं मदिरा दुकान संचालकों को दिए गए हैं।

## निधन

### जीत कुमार सिंहा



**नवागढ़।** दर्री पारा नवागढ़ निवासी जीत कुमार सिंहा (जित्तू) उम्र 61 वर्ष का रविवार की रात आकस्मिक निधन हो गया। सोमवार को उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में विधि-विधान के साथ किया गया, जिसमें परिजन, रिश्तेदार एवं नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। स्व. जीत कुमार सिंहा अपने पीछे पुत्र अनिल सिंहा सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## बैठक

### 22 गांवों के किसानों ने उद्योग प्रस्ताव को बताया कृषि क्षेत्र पर हमला, हुई बैठक

# पर्यावरणीय जनसुनवाई के खिलाफ ग्रामीणों ने किया सामूहिक विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



प्रस्तावित उद्योग मैसर्स अरहम इस्पात लिमिटेड, ग्राम नेवनारा को 22 दिसंबर को मिलने वाली पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए प्रस्तावित जनसुनवाई के विरोध में बेरला ब्लॉक पर्यावरण बचाओ सर्वदलीय समिति की बैठक ग्राम नेवनारा स्थित दुर्गा मंच के सामने आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के 22 गांवों के किसान, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में उद्योग स्थापना का विरोध करते हुए इसे कृषि प्रधान क्षेत्र के लिए घातक बताया।

बैठक में 22 गांव किसान पंचायत जनकल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष मेहत्तर राम साहू ने कहा कि पहले से संकट में फंसे किसानों पर प्रदूषणकारी उद्योग थोपना अन्याय है। यह क्षेत्र पूरी तरह कृषि आधारित है, ऐसे में उद्योग से जमीन, पानी और पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचेगा। समिति के वर्तमान अध्यक्ष भूलूराम वर्मा ने ग्राम कोहड़िया की जनसुनवाई का उदाहरण देते हुए कहा कि संगठित और योजनाबद्ध विरोध से वहां स्टील प्लांट का प्रस्ताव निरस्त हुआ था। उन्होंने कहा कि नेवनारा और आसपास के गांवों में भी इसी तरह एकजुट होकर विरोध दर्ज कराया जाएगा।

ग्राम पंचायत नेवनारा के सरपंच लोकेश साहू ने स्पष्ट किया कि पंचायत ने अरहम इस्पात को किसी भी प्रकार की एनओसी नहीं दी है। उन्होंने सभी पंचायत प्रतिनिधियों, किसानों, मजदूरों और ग्रामीणों से 22 दिसंबर की जनसुनवाई में बड़ी संख्या में पहुंचकर विरोध दर्ज कराने की अपील की। वहीं ग्राम पंचायत पिरदा की सरपंच संजू परगनिहा ने कहा कि पिरदा पंचायत भी इस उद्योग का पूर्ण विरोध करेगी और बिना ग्रामीणों की सहमति के बार-बार जनसुनवाई आदेश जारी करना चिंताजनक है। जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के बेरला ब्लॉक अध्यक्ष पूरेन्द्र साहू ने कहा कि जल-जंगल-जमीन की अनदेखी कर उद्योग थोपना बेमेतरा जैसे कृषि जिले के साथ अन्याय है। पार्टी इस जनआंदोलन को लोकतांत्रिक तरीके से आगे बढ़ाएगी।

#### स्पष्ट और सरल शब्दों में अपना विरोध दर्ज कराएंः निषाद

कार्यकर्ता गजेंद्र निषाद ने ग्रामीणों से अपील की कि जनसुनवाई में स्पष्ट और सरल शब्दों में अपना विरोध दर्ज कराएं। जनपद पंचायत बेरला सरपंच संघ के उपाध्यक्ष कमल बघेल, पूर्व जनपद सदस्य सिद्दीक खान और सामाजिक कार्यकर्ता अजीताभ मिश्रा ने पूर्व जनसुनवाइयों के अनुभव साझा करते हुए प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए और सतर्क रहने की अपील की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 22 दिसंबर को होने वाली जनसुनवाई में अधिकतम संख्या में पहुंचकर शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक और संगठित ढंग से मैसर्स अरहम इस्पात लिमिटेड के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया जाएगा। ग्रामीणों ने साफ कहा कि पर्यावरण और खेती के भविष्य से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं होगा।

ग्राम पंचायत नेवनारा मे हुए इस बैठक मे डॉ. शिरीष शर्मा, ग्राम पंचायत खमतराई सरपंच प्रहलाद सार्थी, ग्राम पंचायत उफरा पूर्व उपसरपंच यादेश्वर परगनिहा, विकास कश्यप, भोजेंद्र वर्मा, किशोर दुबे, सीताराम साहू, गायत्री वर्मा, राधिका साहू, परानु साहू, हरिश्चन्द्र साहू, वीरसिंह साहू, रामकुमार पाल, विजय निषाद, धनंजय निषाद, आनंद निषाद, रामदास पुरान आदि भारी संख्या मे मौजूद रहे।

# डी ग्रेड विद्यालयों में सुधार की कवायद तेज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवक्ता अभियान के अंतर्गत 7 व 8 अक्टूबर को विकासखंड के समस्त शासकीय शालाओं (कक्षा 1 से 12) तक का सामाजिक अंकेक्षण कार्य किया गया है। सामाजिक अंकेक्षण के आधार पर किये गये ग्रेडिंग के अनुसार विकासखंड के 57 शालायें डी ग्रेड में हैं। शालाओं में अध्ययनरत रिद्यार्थियों के गुणवत्ता स्तर में सुधार हेतु जिला स्तरीय निरीक्षण दल का गठन किया गया है। इसके तहत आज डाइट प्राचार्य जेके घृतलहरे सरजी द्वारा आज शासकीय प्राथमिक शाला बीजागोंड़ एवं शासकीय प्राथमिक पूर्व माध्यमिक शाला नवागाँव का बीस बिंदूओं पर निरीक्षण किया गया, जिसमें पाठकान, बालकान, विद्यार्थी सूचकांक, मध्यान्ह भोजन, समुदाय की सहभागिता, पुस्तकालय का उपयोग विद्यालय परिसर स्वच्छता, शिक्षकों का विद्यार्थियों से संबंध, विद्यार्थियों का विषय पर दक्षता जैसे बिंदूओं को शामिल किया गया। डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे सरजी द्वारा कक्षा निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों से विभिन्न सवाल किये गये एवं संतोषप्रद उत्तर पाकर प्रशंसा भी की। विकासखंड साजा का सामाजिक अंकेक्षण करते डाइट प्राचार्य जेके घृतलहरे एवं डाइट व्याख्याता थलज कुमार साहू, प्रधान पाठक सुवरतला विशेषर कुमार नेताम, संकुल समन्न्यक मनीराम श्रीवास, प्रधानपाठक भरत भुषण टंडन, रोहित कुमार वर्मा एवं महेश कुमार साहू, योगेश कुमार साहू, शिक्षिका योजना तिवारी, कविता साहू उपस्थित रही।

# विजय कप खेल स्पर्धा का शुभारंभ खेलोत्सव में सराबोर हुआ नगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिला मुख्यालय स्थित बेसिक स्कूल मैदान में आयोजित विजय कप खेल प्रतियोगिता डे नाइट का भव्य शुभारंभ रविवार हर्षोल्लास और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में खेल प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे पूरा नगर खेल उत्सव में तब्दील नजर आया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा रहे, जिन्होंने फीता काटकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया तथा मैदान में उपस्थित खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका मनोबल बढ़ाया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक सशक्तिकरण का माध्यम हैं, बल्कि मानसिक विकास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देते हैं और समाज में आपसी भाईचारा, सहयोग एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से पूरे जोश, ईमानदारी और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की। उद्घाटन समारोह में आयोजक समिति के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, खेल संघों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। मैच के दौरान मैदान में रोमांचक माहौल बना रहा।

इस अवसर पर समाजसेवी राजेश शर्मा, विकास तम्बोली, गौरव साहू, लक्की साहू, आकिब मालकानी, योगेश वर्मा, गिरीश गबेल, वैभव तिवारी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के समापन पर आयोजक समिति द्वारा मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। आयोजन को लेकर नगरवासियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है और आने वाले मुकाबलों को लेकर खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्सुकता बनी हुई है।

# थान खम्हरिया सोसायटी मे हुई 25 प्रतिशत धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/थान खम्हरिया



तहसील क्षेत्र के लगभग सोसायटी व उपार्जन केन्द्र मे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुचारू रूप से चल रही है अब तक 25 प्रतिशत से भी अधिक धान खरीदी की जा चूकी है वही सभी केन्द्र से परिवहन का कार्य भी द्युत गति से शुरू हो चुकी है। शुरूआती दौर मे ही कर्मचारी हङताल के चलते किसानो को टोकन निकालने मे असुविधाओं के साथ ही साफ्टवेयर मे धान खरीदी अपलोड नही होने की समस्या भी रही जबकि वर्तमान मे टोकन तुहर हाथ एप से टोकन नही कटने से किसानो को असुविधा जरूर हो रही है।अब तक थान खम्हरिया तहसील क्षेत्र 16 सोसायटी व खरीदी केन्द्र मे करीब 25 लाख क्विंटल से भी अधिक धान खरीदी की जा चुकी है। अकेले थान खम्हरिया सोसायटी मे अब तक 2 हजार क्विंटल धान खरीदी के साथ ही कुल राशि 5 करोड़रूपए तक बतायी गयी है।

- तहसील क्षेत्र में ढेड़ करोड़ क्वि. से भी अधीक की धान खरीदी का लक्ष्य

गौरतलब है कि इस वर्ष थान खम्हरिया तहसील क्षेत्र मे करीब ढेङ करोड़क्वि.धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया गया है इस वर्ष करीब 24 सौ हेक्टेयर रकबे मे धान फसल की उत्पा की अनुमान लगाया गया है। तहसील क्षेत्र के 15 सोसायटी व उपार्जन केन्द्र थान खम्हरिया, बनरांका, नवागांवकला, कुरूद, सैगोना, कन्हेरा, खाती, खैरझिटीकला, दर्री, हाटरांका, ओडिया, सोमईकला तथा बेलतरा जैसे केन्द्रो मे खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 मे लगभग 1 करोड़ 51 लाख क्वि.से भी अधिक धान खरीदी का लक्ष्य के साथ ही 3.535 अरब रूपए की धान खरीदी अनुमानित रखी गयी है वही किसानो से केसीसी कृषि ऋण 80 करोड़से भी अधिक की वसूली का भारी भरकम लक्ष्य प्रशासन के लिए बङी चुनौती है।

प्रदेश मे 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ हो चुकी है थान खम्हरिया तहसील के 60 गांव मे करीब 24000 हेक्टेयर कृषि भूमि मे 13 सौ किसानो ने धान की बोनी की थी जिसकी समर्थन मूल्य पर बिक्री की जानी है। तहसील क्षेत्र के तीन जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित थान खम्हरिया मे 38 करोङ, ठेलका मे 20 करोड़तथा कन्हेरा मे लगभग 19 करोड़सहित कुल 80 करोड़का ऋण किसानो को वितरण किया गया है जिसकी वसूली का लक्ष्य भी बङी चुनौती है।अकेले थान खम्हरिया सोसायटी मे 75 हजार क्विंटल धान खरीदी के लक्ष्य के साथ ही करीब 9 करोड़केसीसी ऋण वसूली की जानी है।

इस प्रकार तहसील क्षेत्र मे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुभारंभ हो चुकी है बारदाधा भी लगभग सोसायटी मे पहुँच चुकी चुकी परंतु कर्मचारी हङताल समाप्त नही होगी तो धान खरीदी प्रभावित होने प्रबल संभावना जताई जा रही है।

# व्यवसाय अध्ययन एवं कृषि विषय पर ब्लूप्रिंट निर्माण कार्यशाला डाइट बेमेतरा में प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




जिले के प्रमुख शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में सोमवार से लेखा शास्त्र, व्यवसाय अध्ययन एवं कृषि संकाय विषयों पर ब्लूप्रिंट निर्माण, प्रश्नपत्र निर्माण तथा शिक्षण शास्त्र विषयक कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला में जिले के 10 विकासखंड स्त्रोत समूह (बीआरजी) भाग ले रहे हैं, जबकि 4 जिला स्त्रोत समूह (डीआरजी) मास्टर ट्रेनर्स के रूप में प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। कार्यशाला में डीआरजी देवधर कुमार देवांगन, खोवालाल ढीमर, अश्वनी कुमार वर्मा एवं सुधीर जोशी द्वारा विभिन्न विषयों एवं कंटेंट पर सुंदर, व्यावहारिक एवं गुणवत्ता युक्त प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान डीआरजी खोवालाल ढीमर ने ब्लूम टैक्सोनॉमी के छह डोमेन-ज्ञानात्मक, अवबोधात्मक, प्रयोगात्मक, विश्लेषणात्मक, मूल्यांकनात्मक एवं रचनात्मक-का प्रश्नपत्र निर्माण में प्रयोग कैसे किया जाए, इस पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं डीआरजी अश्वनी कुमार वर्मा ने नई शिक्षा नीति 2020 (एनईपी-2020) के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए शिक्षकों की भूमिका, समझ एवं ज्ञानवर्धन पर विशेष जोर दिया। डाइट प्राचार्य जे.के. घृतलहरे ने बताया कि प्रशिक्षण का तीसरा चरण विकासखंड स्तर पर शिक्षकों के प्रशिक्षण के रूप में शीघ्र पूर्ण किया जाएगा। बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए यह प्रशिक्षण दिसंबर माह के भीतर पूर्ण किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

- चार मास्टर ट्रेनर्स द्वारा गुणवत्ता युक्त एवं प्रभावी प्रशिक्षण प्रदान

प्रशिक्षण के प्रथम दिवस 10 विकासखंड स्त्रोत समूह (बीआरजी) उपस्थित रहे। विकासखंड स्त्रोत समूह में संतोष कुमार लहरी, संतोष कुमार जांगड़े, धनराज साहू, रेशमा टैहल्याणी, संतोष कुमार कौशिक, सुनील कुमार, गीतेश देवांगन, शैलेश कश्यप, दीपक कुमार साहू एवं सीतेश मिर्चे शामिल रहे। समूचे प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समन्वय डाइट व्याख्याता जी.एल. खुटियारे द्वारा किया गया।

# जिला पंचायत सदस्य ने आन्दू प्राथमिक स्कूल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिला पंचायत सदस्य बालकुमारी ध्रुव ने सामाजिक अंकेक्षण अंतर्गत शालाओं के निरीक्षण में शासकीय प्राथमिक शाला आंदू एवं पूर्व माध्यमिक शाला आंदू का निरीक्षण किया जहां जिला पंचायत सदस्य ने स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति को देखा स्वयं बच्चों से सवाल जवाब कर स्कूल से संबंधित जानकारी प्राप्त की तथा अलग-अलग विद्यालयों का निरीक्षण किया जिसमें प्राथमिक शाला आंदू का निरीक्षण में जिला पंचायत सदस्य ने बच्चों के साथ संवाद भी किया और बच्चों के द्वारा उनके प्रश्नों के जवाब देने से जिला पंचायत सदस्य ने संतोष जाहिर किया जिला पंचायत सदस्य बाल कुमारी ने बच्चों से मध्यान भोजन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने पूछा कि प्रतिदिन उन्हें दाल सब्जी दिया जाता है कि नहीं साथी साथ सप्ताह में खीर पुडी मध्यान भोजन एजेंसी द्वारा प्रदान किया जाता है कि नहीं और किसी प्रकार से विद्यालय से संबंधित कोई परेशानी हो तो बच्चे उनसे बता सकते हैं जिस पर बच्चों ने किसी प्रकार की समस्या नहीं होना बताया शिक्षकों से बच्चों के प्रति गंभीरता पूर्वक ध्यान देने की बात कही जिला पंचायत सदस्य ने शिक्षक आशीष वर्मा द्वारा बनाई गई बागवानी कभी निरीक्षण किया हरे भरे पौधों को देखकर जिला पंचायत सदस्य ने प्रसन्नता व्यक्त की उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यों की सभी स्कूलों में आवश्यकता है इस दौरान जिला पंचायत सदस्य के साथ-साथ संकुल समन्वयक राजेश खन्ना टंडन पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक जय नारायण ठाकुर शिक्षक अनीश दास मानिकपुरी लक्ष्मण साहू प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक मुकेश भुआर्य आशीष वर्मा एवं वीरेंद्र बंछोर उपस्थित रहे ।

### सेवा, जागरूकता और सामाजिक सरोकार का बना प्रभावी मंच

# शासकीय पॉलिटेक्निक बेरला ने पतोरा में लगाया एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला



शासकीय पॉलिटेक्निक बेरला द्वारा विकासखंड बेरला के निकटवर्ती ग्राम पतोरा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का सात दिवसीय विशेष शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण समाज में सामाजिक, स्वास्थ्य एवं पर्यावरणीय जागरूकता बढ़ाने के साथ विद्यार्थियों में सेवा भावना एवं नेतृत्व कौशल का विकास करना रहा।

शिविर के दौरान नशा मुक्ति रैली, पर्यावरण संरक्षण हेतु 10 किलोमीटर लंबी जनजागरूकता रैली शिवनाथ नदी तक, ग्राम सर्वेक्षण, जल प्रदाय समस्या का विश्लेषण, सामुदायिक भवन का विद्युतीकरण तथा स्वच्छता अभियान जैसी अनेक जनहितकारी गतिविधियाँ संपन्न कराई गईं। स्वास्थ्य विभाग बेरला के सहयोग से टीबी मुक्त भारत अभियान, बालिकाओं की स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. गंगबेर, सहयोगी मौसमी टंडन एवं शिशुपाल साहू का विशेष योगदान रहा।

**सांस्कृतिक संध्या बनी आकर्षण का केंद्र**

शिविर की सांस्कृतिक संध्या में स्वयंसेवकों द्वारा साइबर सुरक्षा पर नुक्कड़ नाटक, पारंपरिक छत्तीसगढ़ी नृत्य, समूह नृत्य, सेवा गीत, गीत एवं कविताएँ प्रस्तुत की गईं, जिन्हें ग्रामीणों ने भरपूर सराहना दी।

विद्यार्थियों में विकसित हुई सेवा एवं नेतृत्व भावना इस शिविर से जहाँ ग्रामीणों में सामाजिक, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ी, वहीं विद्यार्थियों में सेवा भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं सहनशक्ति का विकास हुआ।

**इनका रहा विशेष योगदानः** शिविर के सफल संचालन में डॉ. जे.एस. बल (विभागाध्यक्ष, मैकेनिकल इंजीनियरिंग एवं कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस)

प्रिमेंद्र कुमार (व्याख्याता मैकेनिकल इंजीनियरिंग एवं प्रभारी अधिकारी एनएसएस) का विशेष योगदान रहा।इस दौरान संस्था के प्रभारी प्राचार्य डॉ. टी.वी. दीक्षित,राम कुमार साहू, दिव्यांश चंद्रवंशी, गौरव गुप्ता, हरिशंकर, डॉ. दीक्षा तिवारी, आकांक्षा शुक्ला, अनिल सोनी, दीक्षित आर्य, सौरभ वर्मा, छत्रपाल डड़सेना, दानेश्वर ताम्रकार, वंदना जलान, दिव्या वर्मा, नूतन साहू, कविता निर्मलकर, बहारिक साहू, रोशन धवलकर, निलेश सोनी, जय प्रकाश सोनी, सुंदर गुप्ता, चुम्मन टंडन एवं भूपत साहू के सहयोग से शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

